# हर बूंद में खतरा, गंदा पानी पीने की मजबूरी

## जर्जर पाइपलाइन के कारण घरों में आता गंदा पानी, लीकेज से बहता पानी नलों में भराता है

नवभारत न्यूज

**सीहोर 02 जनवरी. इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन इसके बावजूद सीहोर शहर में हालात सुधरने के बजाय और भयावह होते जा रहे हैं. जिले के कई इलाकों में नलों से गंदा, बदबूदार और मटमैला पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिससे लोगों में गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है. दशकों पुरानी पाइपलाईन में लीकेज के चलते गंदगी नलों के जरिए लोगों के शरीर में दाखिल हो रही है जो गंभीर महामारी को बढ़ावा देने वाली साबित हो सकती है.**

गौरतलब है कि हाल ही में दूषित पेयजल का सेवन करने से देश की सबसे साफ राजधानी इंदौर में कई मौत हो चुकी हैं तो कई अस्पतालों में भर्ती होकर मौत से जंग लड़ रहे हैं. ऐसा ही कुछ नजारा अगर शहर में भी देखने को मिल जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि 1980 के दशक में बिछी पार्वती नलजल योजना की पाइपलाईन पूरी तरह से जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गई है. जलप्रदाय के दौरान इससे रिसता पानी गदंगी के साथ नलों में आता है. ऐसे में लोगों को दूषित पानी का सेवन करने को मजबूर होना पड़ता है. दूषित पानी आने के कारण लोगों को साल भर निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ता है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई दिनों से नलों में गंदा पानी आ रहा है, लेकिन नगर पालिका आंखें मूंदे बैठा है. सवाल यह है कि क्या सीहोर प्रशासन इंदौर जैसी घटना की पुनरावृत्ति का इंतजार कर रहा है?



### शहरवासियों को मिले पर्याप्त एवं स्वच्छ जल : नपाध्यक्ष

**सीहोर.** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद में बैठक आयोजित हुई. बैठक में नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नगर में हर जगह पानी की पाईप लाईन चेक की जावे कि पाईप लाईन कहीं लीक तो नही है और यदि कहीं भी गंदा पानी आ रहा है, वहां पहुंचकर अधिकारी अवलोकन करे और जहाँ पर भी गंदा पानी आ रहा है या पानी व्यर्थ बह रहा है, उसका त्वरित निराकरण किया जाए .उन्होंने नागरिकों से भी आग्रह किया है कि यदि कहीं भी पानी पाईप लाईन लीक नजर आए या कहीं भी गंदा पानी आ रहा हो, तत्काल वार्ड पार्षद को सुचित किया जाए ताकि पाईप लाईन को दुरूस्त किया जा सके ताकि सभी को साफ-सुथरा पानी मिले . इस हेतु एक टीम भी गठित की गई। टीम का प्रभारी विजय कोहली एवं सह प्रभारी वैभव लोवानिया एवं राजेन्द्र गुप्ता को बनाया गया है . बैठक में उपस्थित सुदीप व्यास, मांगीलाल मालवीय, प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर, आशीष गेहलोत, लोकेंद्र वर्मा, कमलेश कुशवाह, घनश्याम यादव आदि ने उचित परामर्श दिया .

## अनुरागी जिले के प्रभारी सीएमएचओ नियुक्त

**टीकमगढ़।** प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार डीएचओ संवर्ग में जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. पीके माहौर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़ अपनी अधिवार्षिक आयु 65 वर्ष पूर्ण कर 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो जाने के बाद अब सीएमएचओ का प्रभारी नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी अनुरागी को सौंपा जा चुका है। ज्ञात रहे कि प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीके माहौर के सेवानिवृत्त होने पर जिला अस्पताल में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी अनुरागी को तत्काल प्रभाव से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़ का दायित्व अगले आदेश तक सौंपा गया है। प्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार डीएचओ संवर्ग में जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. पीके माहौर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टीकमगढ़ 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो जाने के बाद अब सीएमएचओ का प्रभारी नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. ओपी अनुरागी को सौंपा जा चुका है।

# यूरिया वितरण व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त

**अन्नदाता सड़कों पर रातें गुजारने के लिए मजबूर**

**यूरिया की किल्लत की आग में झुलस रहे किसान**

नवभारत न्यूज

**गुना 2 जन. का। मध्यप्रदेश के गुना जिले में नए साल की शुरूआत किसानों के लिए भारी मुसीबतें लेकर आई है। एक तरफ प्रकृति ने सीजन के पहले घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के साथ दस्तक दी है, तो दूसरी तरफ प्रशासन की लचर यूरिया वितरण व्यवस्था ने अन्नदाता को सड़कों पर रातें गुजारने के लिए मजबूर कर दिया है। आलम यह है कि एक ओर जहां आसमान से ओस और कोहरा बरस रहा है, वहीं दूसरी ओर यूरिया की किल्लत की आग में किसान झुलस रहे हैं।**

शुक्रवार को जिले में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। सीजन के पहले घने कोहरे ने पूरे जिले को अपनी आगोश में ले लिया, जिससे दिनभर सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। मौसम विभाग के आंकड़ों ने भी सबको चौंका दिया है; महज 24 घंटों के भीतर दिन के अधिकतम तापमान में 7 डिग्री की भारी गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को जो पारा 24 डिग्री था, वह गुरुवार और शुक्रवार को गिरकर महज 17 डिग्री पर सिमट गया। न्यूनतम तापमान भी 12.6 डिग्री तक लुढ़क गया है। विजिबिलिटी इतनी कम है कि व्यस्त सड़कों पर भी वाहनों की आवाजाही थम सी गई है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो सर्दी का यह सितम अभी और बढ़ेगा।

वितरण केंद्रों पर अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि न तो बैठने की व्यवस्था है और न ही टोकन वितरण की कोई पारदर्शी प्रक्रिया। हजारों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात नहीं है, जिसके कारण आए दिन किसानों के बीच आपसी विवाद और धक्का-मुक्की की स्थिति बन रही है।



### यूरिया के लिए रातों को जागने की मजबूरी

इस हाड़ कंपाने वाली ठंड में जब लोग अपने घरों में दुबके हैं, तब जिले का किसान एमपी एग्रो खाद वितरण केंद्रों के बाहर अलाव जलाकर खुले आसमान के नीचे रातें काट रहा है। यूरिया वितरण की व्यवस्था पूरी तरह फेल साबित हो रही है। दूर-दराज के गांवों से आए किसान दो से चार दिनों तक लाइन में लगने को मजबूर हैं। वितरण केंद्रों पर अफरा-तफरी का माहौल है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन ने पहले खाद की सीमा 10 कट्टे की थी, जिसे अब घटाकर मात्र 5 कट्टे कर दिया गया है। एक किसान ने बताया कि हमारे पास 50 बीघा जमीन है, 5 कट्टे यूरिया तो ऊंट के मुंह में जीरे जैसा है। दो दिन से लाइन में लगे हैं, ठंड में शरीर जम रहा है, लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं।

# बाइक ड्राइव के दौरान मोबाइल पर न करें बात

## विधायक गोपाल भार्गव ने यातायात नियमों के पालन पर दिया जोर



नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 2 जनवरी. ग्राम चनौआ बुजुर्ग में आयोजित विशेष ग्राम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का अवश्य पालन करें.**

उन्होने कहा कि अपनी ओर परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाए और रोड क्रॉस करते समय सावधानी रखें. वाहन चलाते समय मोबाइल न चलाएं और शराब पीकर वाहन न चलाएं. ट्रैक्टर ट्रॉली में रेडियम टेप लगाएं.

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कपस्या, अनुविभागीय अधिकारी रहली, तहसीलदार गढ़ाकोटा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रहली, महाप्रबंधक सागर उपस्थित रहे . नपा अंतर्गत बसारी वार्ड में आयोजित विशेष वार्ड सभा में सड़क सुरक्षा विषय पर वार्ड वासियों को जागरूक किया गया . सभा में एसडीएम कुलदीप पाराशर, मनोज तिवारी, तहसीलदार महेश दुबे, सीएमओ धनंजय गुमास्ता मौजूद थे .

## अधिवेशन शाजापुर में

**सागर.** प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन 11 जनवरी को शाजापुर में आयोजित किया गया है जिसमें सभी संभागीय जिला तहसील एवं ब्लाक शाखाओं के पदाधिकारी शामिल होगे, सागर से भी पदाधिकारी शामिल होगे. एसोसिएशन की मासिक बैठक पुरानी कलेक्ट्रेट स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रागंण में मासिक बैठक प्रांतीय महामंत्री अध्यक्ष हरिओम पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई. जिसमें साजापुर में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में शामिल होने एवं नये वर्ष में एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने का संकल्प लिया गया. बैठक में दुग्ध संघ के सेवानिवृत्त श्रमिकों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई.

# मार्शल आर्ट वुशु में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बैतूल। नेशनल मार्शल आर्ट वुशू प्रतियोगिता उज्जैन में संपन्न हुई संपन्न हुई। जिसमें संजीवनी हायर सेकेंडरी स्कूल व मार्शल आर्ट अकादमी के बच्चों ने 7 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर, 2 ब्राउन मेडल जीते।**




सब जूनियर वर्ग में रियांशी फाटे ने 20 किग्रा वर्ग में कांस्य, पदक तनुश्री पाल ने 24 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, कीर्ति पवार ने 28 किग्रा वर्ग में रजत पदक, निहारिका खंडागरे ने 32 किग्रा वर्ग में पदक, जानवी सोनी ने 40 किग्रा वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया।

वहीं जूनियर बालिका में तेजेश्वरी मालवी ने 40 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, सुहानी उईके ने 45 किग्रा वर्ग में रजत पदक, कुमकुम सरले ने 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, मंगला पांसे ने 52 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक माधुरी पवार ने 56 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, मुस्कान यादव ने 70 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक, जूनियर बालक वर्ग में श्याम नागल 80 किग्रा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बच्चों की इस शानदार उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य गजेंद्र पवार, कोच रानू सचिन मालवी, शाला परिवार, जिले के खेल प्रेमियों और परिजनों ने बधाई दी।

## 4-5 जनवरी को होगा विशेष कीर्तन दीवान

**बैतूल।** सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब-ए-कमाल एवं सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के पावन आगमन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, बैतूल में 4 और 5 जनवरी को विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध रागी जत्था बाबा कंवलजीत कौर मरकीन मार्कंडे वाले द्वारा गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार 4 जनवरी, रविवार को शाम 7 से रात 9 बजे तक रात्रि विशेष कीर्तन दीवान होगा, इसके बाद गुरु का अटूट लंगर रहेगा। 5 जनवरी, सोमवार को प्रात: 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक कीर्तन दीवान, दोपहर 1.30 से शाम 4 बजे तक गुरु का लंगर आयोजित होगा।

## एक नजर में



### गर्म वस्त्र वितरित किए गए

**ललितपुर.** आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में पंडित रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में रजाई एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संचालन जयप्रकाश नारायण द्विवेदी ने किया. इस दौरान संस्था अध्यक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है. अध्यक्षता सोनू चौबे ने की. इस दौरान राजीव बबले, बाबू गंधर्व सिंह लोधी, राजाराम गोस्वामी, राजेश यादव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, हरिशंकर साहू, रानू राजा रोड़ा, रामजी यादव, राजेश श्रीवास्तव, चेतन कुशवाह, राकेश शर्मा, प्रमोद सक्सेना एड. प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटेरिया उपस्थित रहे.



### राज्य शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**सीहोर.** राज्य शिक्षक संघके वार्षिक कैलेंडर का विमोचन विधायक सुदेश राय द्वारा किया गया . राज्य शिक्षक संघ द्वारा विभिन्न समस्याओं से विधायक को अवगत कराया. इस अवसर पर विश्वजीत त्यागी, संजय सिंह जादौन, सुरेश गुप्ता ,चंद्रशेखर वर्मा, अशोक वर्मा बीआरसी, जागेश्वर भगत, जगदीश मालवीय, आशीष शर्मा,रितेश राठौर,संजय जैन, विनोद मालवीय, बीएस मालवीय, दीपक सावनेर, वीरेंद्र व्यास ,सतीश राठौर, रघुनाथ मेवाड़ा, सुरेश मालवीय, आत्माराम बामनिया, देवेंद्र राठौर , नीरज त्यागी, अनिल नारोलिया, दिनेश सिंह झाला, सुरेंद्र यादव, भैया लाल महोबिया, रामबाबू पाटिल, घनश्याम कुशवाह, आलोक शर्मा, सुभाष यादव आदि उपस्थित रहे.

### मुकेश बने युवा जिलाध्यक्ष



विदिशा, यादव समाज (यदुवंशी) संगठन की जिला बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश यादव को युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया. संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपते हुए युवाओं को समाजसेवा से जोड़ने का आह्वान किया .नियुक्ति के बाद मुकेश यादव ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया .उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने मुकेश यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं.

### गुना में आनंद उत्सव का आगाज 14 जनवरी से

**गुना।** जिले में इस वर्ष भी 14 से 28 जनवरी 2026 के मध्य 'आनंद उत्सव' का भव्य आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने इस आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। आनंद उत्सव का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में आपसी सहभागिता, भाईचारा और उत्साह को बढ़ाना है, जिसके तहत समूह स्तर पर विभिन्न पारंपरिक खेलकूद और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है।

# दस सालों में चौथी बार 10 डिग्री से नीचे पारा


नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जनवरी, का. साल 2026 की शुरूआत शीतलहर के साथ हुई है. नए साल के दूसरे दिन सुबह से बादल और हल्की धूप रही. वहीं शाम को 5 बजे के बाद लगातार शीतलहर के साथ ठण्डक बढ़ती चली गई. देर शाम तक शीतलहर के साथ कड़ाके की ठण्ड पड़ने लगी. वहीं देर शाम कुंहासे से वातावरण ढंकने लगा.**

जानकारी के अनुसार उत्तरी हवाओं के परिवर्धित होने के कारण शीतलहर का असर बढ़ने लगा है. इस बार साल की शुरूआत 8.50 डिग्री तापमान आंका गया. शीतलहर से लोग ठिठुरे और अलावों का सहारा लिया.

मौसम विभाग के अनुसार इस बार क्लाउडी वेदर रहेगा. यानी बादलों के छाए रहने के कारण दिन का पारा गिरेगा और रात का तापमान बढ़ा हुआ रहेगा.

यानी पिछले दिनों की तुलना में पारा दिन में घटेगा और रात में बढेगा. पिछले 10 सालों में चौथी बार पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंचा है.



मौसम विभाग सीहोर के अनुसार इस बदलते मौसम के कारण आम जनजीवन के साथ ही फसलों पर भी प्रभाव पढ़ेगा. मौसम विभाग के अनुसार जडमाउ रोग पलटकर आ सकता है. साथ ही फसलों पर यदि कोहरे, तुषार और कुंहासे का असर बढ़ता है तो पाला भी लग सकता है. तेज ढण्ड और लगातार दिन में गिरता तापमान फसलों पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है.



# प्लाट के विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। पिपरई के चिकमगलूर चौराह के पास प्लॉट विवाद को लेकर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार रात्रि की बताई जा रहीं है। मारपीट की यह घटना सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। तो वहीं बुजुर्ग की मृत्यु के बाद परिजनों ने शुक्रवार सुबह रामलीला मैदान पर शव रखकर चक्काजाम करते आरोपियों की गिरफ्तार की मांग की।**

इस दौरान पुलिस से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परिजनो को समझाइस दी, लेकिन वह चक्काजाम से नहीं हटे। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

दरअसल प्लाट को लेकर कल्लू अहिरवार और जगदीश कोरी के बीच पहले से विवाद चला आ रहा है,तो वहीं गुरूवार की रात के समय जगदीश, प्रेमनारायण और सर्जन ने कल्लू के प्लॉट पर लकड़ियां डाल रहे थे, तभी यह विवाद हो गया, जिसके चलते कल्लू के साथ तीनों ने मिलकर मारपीट की जिससे वह गंभीर घायल हो गया, जिसके उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दमतोड़ दिया।

परिजनों के चक्काजाम के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें कुछ लोग कल्लू अहिरवार के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दिए। इसके आधार पर पुलिस ने जगदीश कोरी, प्रेमनारायण कोरी, सर्जन कटारिया सहित कुछ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तो वहीं तो वहीं तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। हालांकि पुलिस ने इस मामले में बताया कि रात के समय विवाद के बाद दोनों पक्षों में बातचीत के बाद सहमति बन गई थी, जिस वजह से किसी पर कार्यवाही नहीं हुई थी।

# लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जाएगा जोर

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान और किसान-मजदूर चौपाल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल हुए. उन्होंने ग्राम ठर्र और अहमदपुर में मंडल, ग्राम व वार्ड स्तर पर समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया.**



जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस का विचार और संगठन भाजपा से ज्यादा मजबूत है, जरूरत सिर्फ उसे सही तरीके से लाइनअप करने की है. उन्होंने बताया कि 5 जनवरी से 20 जनवरी तक विशेष संगठन अभियान चलाया जाएगा, जिसमें वे स्वयं गांव-गांव जाकर संगठन की कमियों को चिन्हित कर सुधार करेंगे. कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा. लाडली बहन योजना पर कटाक्ष करते हुए पटवारी ने कहा कि सिर्फ 1500 रुपए देने से बहनें सशक्त नहीं होंगी.कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को स्थायी स्वरोजगार से जोड़ने को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें.

## शिविर में किया 738 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है. इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 02 जनवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 512 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 226 बच्चों का टीकाकरण किया गया.

**कार्रवाई** | **मंदिर दर्शन के दौरान चोरी हुई बाइक का खुलासा, 10 मोटरसाइकिलें बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार**

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

**सांची,सांची थाना क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बडा खुलासा किया है. फरियादी विजय शंकर मिश्रा, निवासी विदिशा की रिपोर्ट पर थाना सांची में अपराध क्रमांक 01/2026 धारा 303( 2 ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था.**



जानकारी के अनुसार प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रायसेन श्री आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे के निर्देशन तथा एसडीओपी सांची श्रीमती नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई.तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की.

पूछताछ में आरोपियों ने सांची, विदिशा एवं भोपाल सहित अन्य क्षेत्रों से कुल 10 मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई गई है.पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद कर ली हैं.पुलिस ने इस मामले में अवध नारायण शर्मा (33 वर्ष) एवं समीर मंसूरी (24 वर्ष) दोनों निवासी बेस दरवाजा, किले अंदर, विदिशा को गिरफ्तार किया है.

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी सहित पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही, जिनके प्रयासों से क्षेत्र में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा है.सांची पुलिस की यह सफल कार्रवाई न केवल अपराधियों के लिए सख्त संदेश है, बल्कि आमजन में सुरक्षा और भरोसे की भावना को भी मजबूत करती है.इससे पहले भी सांची पुलिस ने अपराधियों के हौसले अपनी सक्रियता के चलते पस्त कर दिये .

## 15 जनवरी को पोर्टल पर प्रक्रिया संपादित

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में 5 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए एक जनवरी की सुबह 11 बजे से 15 जनवरी को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफइन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क 5 हजार रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि के लिए आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजीकी 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी।